बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

परीक्षा स्थगन से संबंधित सूचना

सहायक अभियंता (यांत्रिक/असैनिक/विद्युत) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 01/2011, 02/2011 एवं 04/2011) दिनांक 01.12.2012 स 05.12.2012 तक पटना अवस्थित 09 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित है। उक्त परीक्षा के दौरान दिनांक 04.12.2012 को केन्द्र संख्या – 09, सर जी०डी० पाटलीपुत्र उच्च माध्यमिक विद्यालय, कदमकुआँ, पटना में प्रथम पाली (11 बजे पूर्वा० से 12 बजे मध्याह्न तक) में आयोजित विद्युत अभियंत्रण (पंचम पत्र) शाखा – I (वस्तुनिष्ठ) के प्रश्न पुस्तिकाओं के सील्ड पैकेटस में दिनांक 05.12.2012 को प्रथम पाली (11 बजे पूर्वा० से 12 बजे मध्याह्न तक) में आयोजित सिविल (असैनिक) अभियंत्रण (षष्ठम पत्र) शाखा – I (वस्तुनिष्ठ) विषय की 'C' सीरिज की कुछ प्रश्न पुस्तिकाएँ पायी गयी।

उक्त आलोक में परीक्षा केन्द्र संख्या : 04 – श्री दारोगा प्रसाद राय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरिस्ताबाद (चितकोहरा), पटना, केन्द्र संख्या : 05 – बी०एम०पी०–5 उच्च माध्यमिक विद्यालय, कैम्प जेल, फुलवारीशरीफ, पटना, केन्द्र संख्या : 06 – के०बी० सहाय माध्यमिक विद्यालय, शेरूल्लाहपुर, शेखपुरा, पटना, केन्द्र संख्या : 07 – श्री राम लखन सिंह यादव सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुनाईचक, पटना एवं केन्द्र संख्या : 08 – राजकीय बालक उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना पर दिनांक 05.12.2012 को वि०सं० 02/2011, सहायक अभियंता (असैनिक अभियंत्रण) की प्रथम पाली (11 बजे पूर्वा० से 12 बजे मध्याह्न तक) में आयोजित सिविल (असैनिक) अभियंत्रण (षष्ठम पत्र) शाखा – I (वस्तुनिष्ठ) विषय की परीक्षा स्थगित की जाती है। उक्त स्थगित परीक्षा का आयोजन अब दिनांक 05.01.2013 (शनिवार) को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक उपर्युक्त परीक्षा केन्द्रों पर ही किया जायगा। सिविल (असैनिक) अभियंत्रण (षष्ठम पत्र) शाखा – I (वस्तुनिष्ठ) विषय के सभी उम्मीदवार अपने पूर्व आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर ही पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर ही उक्त परीक्षा में भाग ले सकेंगे। इसके लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जाएंगे।

दिनांक 05.12.2012 को उक्त पाँच केन्द्रों पर ही वि०सं० 02/2011, सहायक अभियंता (असैनिक अभियंत्रण) की द्वितीय पाली (1 बजे अपराह्न से 3 बजे अपराह्न तक) में आयोजित सिविल (असैनिक) अभियंत्रण (षष्ठम पत्र) शाखा – II (विषयनिष्ठ) विषय की परीक्षा अपने पूर्व कार्यक्रम के अनुसार ही होगी।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना